ईंट पजाया चौराहा = ट्रैफिक डायवर्जन के लिए अस्थायी डिवाइडर के स्थान पर स्थायी डिवाइडर का निर्माण कराया जाएगा। चौपुला = डिवाइडर को विस्तार देकर यातायात को नियंत्रित किया जाएगा। नए यू-टर्न बनाए जाएंगे। सेटेलाइट: बस स्टैंड के सामने डिवाइडर इतना छोटा है कि वाहन जंप कर जाते हैं, इसे ऊंचा किया जाएगा। ई-रिक्शा और ऑटो के लिए स्टैंड बनेगा, ताकि सड़क किनारे सर्विस रोड ब्रेक न हो। चौकी चौराहा = रोटरी का आकार बढ़ेगा। गांधी उद्यान से पुलिस लाइन की ओर डिवाइडर को विस्तार दिया जाएगा। नावेल्टी चौराहा = फुटपाथ से अतिक्रमण हटेगा। चौराहे के चारों ओर अवैध पार्किंग रोकी जाएगी। सर्वेक्षण से यह पता लगेगा किस चौराहे पर कितना है ट्रैफिक, कितना और बढ़ने के आसार। एसपी ट्रैफिक अकमल खां ने कहा कि बढ़ती वाहन संख्या के हिसाब से यातायात के प्रबंधन की योजना धरातल पर उतरेगी। नगर निगम इसके लिए चौराहों की री-डिजाइनिंग कराने की तैयारी में है। जैसे ही काम पूरे होंगे, शहर की यातायात व्यवस्था में और सुधार होगा।

# आजादी के जश्न का आगाज, स्कूली बच्चों ने वॉक फॉर यूनिटी से दिया एकता का संदेश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। स्वतंत्रता दिवस के जश्न की शुरुआत बरेली में जोश और उत्साह के साथ हो गई। अमर उजाला के 'मां तुझे प्रणाम' अभियान के तहत मंगलवार को वॉक फॉर यूनिटी रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। सुबह डीडीपुरम स्थित शहीद चौक से महापौर डॉ. उमेश गौतम, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए., नगर आयुक्त संजीव मौर्य और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शंखनाद के बीच हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।





भारत माता के जयघोष, वंदे मातरम के नारों और लहराते तिरंगों से शहर का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया रैली में नन्हें-मुन्ने बच्चे भी शामिल हुए। कोई महात्मा गांधी, कोई भगत सिंह, तो कोई रानी लक्ष्मीबाई के रूप में सजे नज़र आए। एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड का जोश देखते ही बन रहा था। कड़ी धूप भी बच्चों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। स्कूलों के शिक्षक, व्यापारी, सामाजिक संगठन और आम नागरिक बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए। व्यापारी संगठनों ने जगह-जगह फूल बरसाकर प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस दौरान देशभक्ति के गीत और नारे गूंजते रहे - भारत माता की जय, झंडा ऊंचा रहे हमारा, हिंदुस्तान जिंदाबाद। वॉक फॉर यूनिटी का सफर शहीद चौक से शुरू होकर सील चौराहा, बांके बिहारी मंदिर, वंदना स्वीट होते हुए फिर से शहीद चौक पर संपन्न हुआ। बच्चों ने करतब दिखाते हुए तिरंगा लहराया, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध रह गए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों ने राष्ट्रध्वज के साथ सेल्फी और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जिससे देशभक्ति का संदेश और दूर तक फैला।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध में अकेला सैनिक – व्यवस्था के दांव-पेंच में फंसा पूर्व सैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / देश की सरहद पर दुश्मनों को धूल चटा देने वाला वीर आज अपने ही घर में भ्रष्टाचार के शिकंजे में जकड़ा हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा पर गार्ड के पद पर कार्यरत रहे पूर्व सैनिक मोहम्मद अहमद ने सरकारी दवाओं की अवैध बिक्री रोकने का साहसिक कदम उठाया, और यही उनकी सबसे बड़ी गलती साबित हो गई। अपने कार्यकाल में उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, छापेमारी हुई, आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए। लेकिन इस ईमानदारी ने भ्रष्टाचार के जड़ जमाए नेटवर्क को हिला दिया। नतीजा यह रहा कि महीनों से उनकी जॉइनिंग रोक दी गई है, और वे न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। बरखेड़ा के सभासदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूर्व सैनिक के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है।



जिला अधिकारी पीलीभीत को भेजे गए पत्र में तत्काल तैनाती की मांग की गई है। सभासदों का कहना है कि एक सच्चे देशभक्त को सजा देना न केवल अन्याय है, बल्कि व्यवस्था के पतन का प्रमाण भी है। मोहम्मद अहमद ने बताया कि बॉर्डर पर मैंने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, उन्हें देश की तरफ आंख उठाने का मौका नहीं दिया। लेकिन आज देश के भीतर बैठे भ्रष्ट तंत्र से लड़ते-लड़ते मैं थकने लगा हूं। सरकारी दवा की थोक बिक्री देखी तो देशभक्ति ने मुझे चुप रहने नहीं दिया। शिकायत की, आरोपी पकड़े गए, लेकिन उनका नेटवर्क इतना बड़ा है कि आज मैं बेरोजगार और दर-बदर हूं। उन्होंने जिम्मेदार अफसरों को कई बार पत्र दिए, मुलाकातें कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं कस्बे के सभासदों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द नियुक्ति बहाल नहीं हुई तो यह लड़ाई जिला मुख्यालय से लेकर राजधानी तक जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# कवियों की रचनाओं से गूंजा कारागार, वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने दी सुधार की प्रेरणा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। केंद्रीय कारागार द्वितीय में मंगलवार को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के सूत्रधार एवं संचालक मंजुल मयंक रहे। देशभर से आए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कवियों ने मंच साझा किया, जिनमें पीलीभीत से उमेश त्रिगुणायत, प्रशांत पाठक, छिबरामऊ से जितेश राज नक्श, लखनऊ से श्रीमती किरण प्रजापति, फीरोजाबाद से हाशमी, एटा से रमेश मधुकर, बरेली से कमलकांत तिवारी और लढ़ूपुरा से विष्णु उपाध्याय शामिल रहे। कवियों ने स्वतंत्रता दिवस और देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं सुनाकर माहौल को भावुक और ऊर्जावान बना दिया।






एक कवि ने कहा- जेल में बंद हर कैदी अपराधी नहीं होता, और हर अपराधी कैदी नहीं होता। दूसरे कवि ने पंक्तियों से देश की उपलब्धियों और गर्व को स्वर दिया- कुछ बात तो है हिंदुस्तान में जो परचम है चांद पर, और हमने ना कभी जहां परचम पर चांद हो। कार्यक्रम के बीच वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्र ने कहा कि बंदियों को अपना आचरण सुधारना चाहिए, ताकि जेल में कैदियों की संख्या में कमी आ सके। इस मौके पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्र,जेलर आनंद सिंह, शैलेश कुमार सिंह, डिप्टी जेलर अंजुली वर्मा, पीयूष पाण्डेय, चैतेन्द्र प्रसाद, किरण कुमारी, रीता सागर सहित सेवानिवृत्त जेल कर्मी अयूब खान, मुजफ्फर बाबू, कृष्णा कुमारी और राम अवतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बिना एनओसी हो गया लेआउट पास, अब कमिश्नर ने बैठाई जांच

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सहारा सिटी की भूमि पर ग्रीन बेल्ट के मानकों से छेड़छाड़ करते हुए बिना एयरपोर्ट एनओसी ले आउट पास कर दिया गया। मामले की शिकायत कमिश्नर सौम्या अग्रवाल से की गई है। कमिश्नर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सात दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट देने और तत्काल प्रभाव से पास ले-आउट को जांच पूरी होने तक स्थगित रखने के आदेश दिए हैं। वहीं, बीडीए वीसी का कहना है जिस भूमि का ले आउट पास किया है वह विवादित भूमि से बाहर है। कमिश्नर को प्राप्त शिकायत के अनुसार पीलीभीत बाईपास रोड पर ग्राम मुड़िया अहमदनगर में सहारा सिटी के रकबे में महायोजना 2021 में 35 एकड़ का पार्क बनाया जाना था, लेकिन किन्ही कारणवश नयी महायोजना तैयार कर ग्रीन बेल्ट को उस स्थान से 500 मी. उत्तर की ओर बढ़ा दिया गया है। इस गोलमाल की पूर्व में बरेली विकास प्राधिकरण से शिकायत की गई थी। आरोप है कि जांच पूरी होने से पहले ही प्राधिकरण ने ले-आउट पास कर दिया। कमिश्नर ने मामला गंभीर मानते हुए जांच अपर आयुक्त (प्रशासन) को सौंपते हुए 7 दिन में जांच रिपोर्ट देने के साथ ही विवादित भूमि के पास ले-आउट को तत्काल प्रभाव से जांच समाप्त होने तक स्थगित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि जिस भूमि का ले आउट पास किया गया है। उस भूमि की शिकायत नहीं की गई है। हालांकि मामले की जांच शासन स्तर से की जा रही है।



# नियमित टीकाकरण की समीक्षा जीरो डोज बच्चों के टीका करण पर दिया गया जोर

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । बरेली। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भोजीपुरा में नियमित टीकाकरण की समीक्षा की गयी 7 बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रशांत रंजन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता जीरो डोज बच्चों को को खोजकर टीका लगवाना सुनिश्चित करें और जो परिवार टीका लगवाने से मना कर रहे हैं उन्हें टीका लगवाने के लिए राजी करें 7 इसके लिए स्थनीय नेतृत्व और धर्मगुरुओं का सहयोग लें 7 जीरो डोज उन बच्चों को कहा जाता है जिनको जन्म के बाद डिपथीरिया कँटेनिंग वैक्सीन का एक भी टीका न लगा हो यानि एक साल के अंदर पेंटावेलेंट का एक भी टीका न लगा हो 7 लोगों को बताएं कि टीके पूरी तरह से सुरक्षित हैं और यह नि:शुल्क लगाये जाते हैं 7 यह 12 जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं 7 लोगों को बताएं कि पहले जब पोलियो किसी को हो जाता था तो वह दिव्यांग हो जाता था और उसका जीवन खराब हो जाता था 7 अब पोलियो अपने देश से खत्म हो चुका है 7 अब इसका कोई मरीज नहीं दिखता 7 इसलिए टीका लगवाएं और अपने बच्चों को पोलियो, टिटेनस जैसी बीमारियों से बचाएं 7 इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश कुमार चौधरी, जनपद प्रतिनिधि डब्ल्यूएचओ डॉ पी वी कौशिक, गावी से शालिनी बिष्ट , यूनिसेफ़ प्रतिनिधि, सहायक मलेरिया अधिकारी सूरज प्रकाश, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मुकेश कुमार और अन्य समस्त एएनएम एवं डब्ल्यूएचओ फील्ड मानिटर उपस्थित रहे।



# मटेरा विधानसभा के मटेरा बाजार में निकाली गई अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा

## मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करनवीर सिंह व नन्हेंलाल लोधी रहे

क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बहराइच के मटेरा चौराहे से लेकर मटेरा बाजार की गलियों में निकाली गई अमृत महोत्सव की तिरंगा यात्रा। इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में करणवीर सिंह व नन्हेंलाल लोधी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मटेरा मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला के द्वारा की गई। कार्यक्रम संयोजक आयुष अग्रवाल, सहसंयोजक विक्की यादव प्रेम प्रकाश चौधरी रहे। तिरंगा यात्रा में हजारों की तादाद में सभी धर्म के लोग व भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों ने जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा काआगाज किया। तिरंगा यात्रा मटेरा के कुलदीप अग्रवाल उर्फ अंकित गर्ग के यहां समापन हुआ वहीं उपस्थित सभी लोगों को जलपान कराया गया और देश के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में आलोक अग्रवाल ओमप्रकाश पांडे, महेशत्रिपाठी, माधुरी शरणपांडे, विकास चंद्रगोयल, अमरीश मित्तल उर्फ डब्बू भैया, संजय त्रिपाठी, लीलाधर पांडे कैलाश नाथ शुक्ला, राम भगत सिंह जगदीश यादव अमरजीत सिंह ध्रुव सिंह पत्रकार अमरीक सिंह सहित हजारों की तादाद में कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर जय घोष करते हुए नजर आए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना प्रभारी मटेरा अभिनव प्रताप सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मुस्तैद रहे।






## संक्षिप्त समाचार

# कलह से परेशान महिला ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर सिविल लाइंस स्थित जीजीआईसी रोड पर मंगलवार को एक महिला ने घरेलू कलह से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिजनों ने अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। फिलहाल महिला की हालत स्थिर है। जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय प्रीति मौर्य का मंगलवार सुबह पति ह्रदेश मौर्य से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि ह्रदेश शराब के नशे में आए दिन पत्नी से झगड़ा और मारपीट करता था। वह कोई काम नहीं करता और शराब के लिए पैसे मांगता रहता था। वहीं, प्रीति प्राइवेट नौकरी कर परिवार का खर्च चला रही थी। लंबे समय से चल रहे इस तनाव ने उसे मानसिक रूप से तोड़ दिया था। सुबह हुए झगड़े के बाद प्रीति ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। इस दौरान उनके बड़े बेटे आर्यन मौर्य ने मां को बेहोश देखा। उसने तत्काल अपनी बुआ को सूचना दी। दोनों ने मिलकर प्रीति को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि घरेलू हिंसा और मानसिक तनाव जैसे मुद्दों को नज़रअंदाज़ करने के बजाय समय रहते समाधान खोजा जाए, ताकि ऐसी नौबत से बचा जा सके।

# सुसाइड नोट घर पर छोड़कर विवाहिता हुई लापता

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना सुभाषनगर की शांति विहार कॉलोनी निवासी दीपिका शर्मा नाम की महिला अपने दो बच्चों को छोड़कर घर से लापता हो गई। उसके जेठ रजत गोस्वामी ने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सुभाष नगर जितेंद्र कुमार सिंह को बताया कि दीपिका घर पर एक सुसाइड नोट छोड़ गई है। सुसाइड नोट में दीपिका ने अपने पति की प्रेमिका और उसके साथियों पर धमकाने और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया है। युवती ने पति पर दर्ज कराई है रिपोर्ट दीपिका ने सुसाइड नोट में जिक्र किया है कि वह इन्हीं लोगों की वजह से अपनी जान देने जा रही है। दीपिका के जेठ ने बताया कि उनका भाई विशाल गोस्वामी बेकरी चलाता है। उसने बेकरी पर एक युवती को कर्मचारी रखा था जिससे बाद में विशाल का प्रेम प्रसंग हो गया। युवती ने विशाल के खिलाफ रिपोर्ट कराई है। दीपिका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि युवती उसके पति को ब्लैकमेल करती है। सारी पैसा हड़प चुकी है। जांच के दौरान पुलिस को पता लगा कि घर के नंबर पर एक कॉल आई थी। किसी अनजान नंबर से दीपिका ने अपने बच्चों का हाल-चाल पूछा। पुलिस में लोकेशन निकलवाई तो पता चला कि दीपिका फिलहाल वृंदावन में है। पुलिस की एक टीम वृंदावन रवाना हो गई है। पुलिस का कहना है कि दीपिका सकुशल है।



# बरेली कॉलेज बरेली का आजाद हॉस्टल, यहां क्रांतिकारी बनाते थे योजनाएं

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। वर्ष 1837 में स्थापित बरेली कॉलेज कई मायनों में ऐतिहासिक है। वर्ष 1857 के स्वाधीनता संग्राम के दौरान कॉलेज का आजाद हॉस्टल क्रांतिकारियों का प्रमुख ठिकाना हुआ करता था। कॉलेज के छात्र और शिक्षक क्रांतिकारियों का न सिर्फ साथ देते थे, बल्कि उनके लिए धन संग्रह भी करते थे। आजादी के मतवालों के साथ कदमताल करते हुए इस कॉलेज ने तमाम उतार-चढ़ाव देखे। हर संकट के बाद यह उठ खड़ा हुआ और आज रुहेलखंड के प्रमुख शिक्षण संस्थान के रूप में अपना परचम फहरा रहा है। वर्ष 1857 में देशभर में क्रांति की चिंगारी भड़की तो अंग्रेजों के प्रति सहानुभूति रखने वाले बरेली कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य डॉ. कार्लस बक की हत्या कर दी गई थी। इससे कॉलेज का शैक्षणिक सत्र भी प्रभावित हुआ था। वर्ष 1858 में इसे फिर खोलकर 1862 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध किया गया। सिर्फ 57 विद्यार्थियों के साथ स्कूल के रूप में इसकी शुरुआत हुई थी। वर्ष 1850 में इसे कॉलेज का दर्जा दिया गया। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि बरेली कॉलेज बरेली-मुरादाबाद मंडल का ऐतिहासिक संस्थान है। नैक से ए-ग्रेड प्राप्त है। बेहतर शैक्षणिक माहौल से विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। कुछ वजहों से कॉलेज का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा। वह काम भी जल्द ही कराया जाएगा।



## भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ बब्लू/ न्यूरिया नगर से आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजन किया गया यह यात्रा विथरा अड्डे से प्रारम्भ हुई

भजपा कर्यकर्ता हाथ मे तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय बंदे मातरम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे बिथरा अड्डे से सेमपुर से कल्लियाँ हड़किष्णा पुर होते हुए गांव गौहर राजा कॉलोनी गुप्ता कॉलोनी न्यूरिया कॉलोनी होते हुए कस्बे से घूमते हुए यात्रा का समापन विथरा अड्डे पर हुआ इस यात्रा के नेतृत्व भजपा के नगर पंचायत मझोला के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने किया उन्होंने कहा की देश



♦ न्यूरिया मे तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा के पदधिकारी

को आजाद कराने के लिए क्रान्तिकायों ने अपने प्राणो की आहुति दे दी थी यात्रा मे विधायक प्रतिनिधि दिलसुक कुमार भजपा मंडल अध्यक्ष न्यूरिया मेहेंद्रपल राजपूत विधानसभा सयोजक अमित कुशवाहा मंडल कर्यक्रम सयोजक आनंदपाल वर्मा जसवंत राठौर दीपचंद राठौर आतिफ मुख्तार बब्लू प्रमोद मुन्ना लाल भारती गौरव शर्मा मदन कश्यप मंडल पदाधिकारीगण शक्ति केंद्र सयोजक बूथ अध्यक्ष व अनेक कर्यकर्ता उपस्थित रहे

## न्यूरिया मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई

क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / न्योरिया पीलीभीत आज न्यूरिया मंडल में तिरंगा यात्रा बिथरा अड्डे से न्यूरिया कॉलोनी होते हुए

कस्बा न्यूरिया तक निकाली गई रैली में मुख्य अतिथि मझोला अध्यक्ष श्री निशांत प्रताप सिंह जी विधायक प्रतिनिधि दिलसुख कुमार जी विधानसभा संयोजक अमित कुशवाहा जी न्यूरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत मंडल कार्यक्रम संयोजक आनंदपाल वर्मा जी जसवंत राठौर जी पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपचंद राठौड़ जी आतिफ मुख्तियार जी बबलू उर्फ



आशीष जी प्रमोद कुमार जी मुन्ना लाल भारती जी गौरव शर्मा जी कृष्णा वाल्मीकि जी एसके वर्मा जी हरेंद्र वर्मा जी छत्रपाल शर्मा जी परशुराम शर्मा जी निशांत वर्मा जी मिथुन डे चंद्रशेखर मिस्त्री विश्वजीत डे अजय शर्मा जी मदन कश्यप जी मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष अनेकों कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे थे

## संक्षिप्त समाचार

### आज विजली आपूर्ति दिन मे आठ घंटे रहेगी बंद

क्यूँ न लिखूँ सच/ बब्लू / न्यूरिया नगर की विजली आपूर्ति आज दिन मे आठ घंटे रहेगी बंद बिजली विभाग के उपखण्ड अधिकारी दीपक कुमार ने बतया की कल बुधवार को सुबहा नो बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद बुधवार को 33के वी मझोला लाइन का मीटिंनेस का कार्य किया जाना है जिसके कारण उक्त लाइन शटडाउन मे रहेगी उक्त से तीन बिजली घर न्यूरिया मझोला भिकारीपुर दहेगला संचलित है जिनकी विद्युत आपूर्ति कल सुबहा नो बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी

### सत्यपाल सिंह ने सुरई चौकी प्रभारी का कार्यभार संभाला

क्यूँ न लिखूँ सच /नीरज कुमार/ कोंच(जालौन) कोंच कोतवाली को सबसे महत्वपूर्ण पुलिस चौकी सुरई में नये चौकी प्रभारी के पद पर तेजतर्रार सब इंस्पेक्टर सत्य पाल सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है एक मुलाकात में उन्होंने कहा कि चौकी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कार्य किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे साथ ही क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई जुआ सट्टा भी नहीं होने देंगे जो लोग जुआ सट्टा करवाने में लिप्त है उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करेंगे उन्होंने साफ कहा कि कानून व्यवस्था को अच्छा बनाने के लिए वह काम करेगे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिये कड़ी मेहनत करेंगे उन्होंने कहा कि चौकी क्षेत्र में अच्छे लोगों का पूरा सम्मान होगा साथ ही दलाल टाइप के लोग उन्हें कतई पसंद नहीं है पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने में वह आगे रहेंगे और पीड़ित लोगों की सेवा के लिए उनके दरवाजे बराबर खुले है उन्होंने बताया है कि वह जनपद फिरोजाबाद रहने वाले है इससे पहले वह रामपुरा थाने में एसएसआई के पद पर कार्यरत थे और वह जगनपुरा चौकी मंडी चौकी उरई में प्रभारी के बतौर कार्य कर चुके है



### पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी 31 अगस्त तक कराना अनिवार्य

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी, कलेक्टर रवीन्?द्र कुमार चौधरी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पेंशन योजनाओं के सभी हितग्राहियों की आधार ई-केवायसी 31 अगस्त 2025 तक हर हाल में पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य अभियान मोड में किया जाए और शेष बचे हितग्राहियों की सूची मैदानी अमले को उपलब्ध कराकर डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से समय-सीमा में ई-केवायसी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार यदि निर्धारित तिथि तक ई-केवायसी नहीं कराई जाती है, तो संबंधित हितग्राहियों की पेंशन रोक दी जाएगी, जो ई-केवायसी पूर्ण होने के बाद ही पुन: प्रारंभ हो सकेगी। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगर पालिका एवं नगरीय निकाय अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी 31 अगस्त तक पूर्ण करने तथा इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत कुल 1,08,455 पेंशन हितग्राही हैं, जिनमें से 7,126 का ई-केवायसी कार्य अभी शेष है। जून 2023 से निरंतर अभियान चलाने के बावजूद अब तक 93.43 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो पाया है, जिसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारी और मैदानी अमला सक्रिय रूप से कार्य करें।

### चोरी की 02 मोटरसाइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच / थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर मु0अ0सं0-387/2025 धारा-303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 अभियुक्त गिरफ्तार तथा कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद। आज दिनांक-12.08.2025 को 24 घंटे के अंदर थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-387/2025 धारा-303(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. संजय कुमार बिंद पुत्र विक्रमाजीत बिंद निवासी बैजलापुरा करकोला थाना बारा जनपद प्रयागराज 2. सुमित निषाद पुत्र सुरेश कुमार निषाद निवासी बैजलापुरा करकोला थाना बारा जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर नये यमुना ब्रिज से फूलमण्डी जाने वाले मार्ग थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल तथा 01 मोबाइल फोन वीवो कंपनी बरामद किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की



## देशभक्ति के गीतों से गूंजा शहर शिवपुरी, निकली भव्य तिरंगा रैली

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता – स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत आज जिला प्रशासन द्वारा शिवपुरी शहर में पैदल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पोलोग्राउण?ड से प्रारंभ हुई। इस मौके पर विधायक शिवपुरी देवे‍न?द्र जैन, कलेक्टर रवी‍न?द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, डीएफओ सुधांशु यादव, जिला पंचायत के मुख?य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ मनजीत ढोड़ी, धर्मगुरू उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चौधरी ने सभी जिलेवासियों से स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने तथा इस जनअभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। रैली में पुलिस, वन, सीआरपीएफ, आईटी‍?हीपी, एनसीसी, एनएसएस, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, नगर पालिका, मीडिया प्रतिनिधि, अन्य समाज सेवी संगठन के प्रतिनिधि सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। तिरंगा रैली पोलोग्राउण?ड से प्रारंभ होकर, अस्पताल चौराहा पहुंची, वहां से कोर्ट रोड, माधव चौक चौराहा से गुरुद्वारा, राजेश्वरी रोड होते हुए पुन: पोलो ग्राउंड पर समाप्त हुई। नगारिकों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी ली गई और उसे हर घर तिरंगा पोर्टल https://harghartiranga.com/ पर अपलोड भी की गई। रैली स्थल पोलो ग्राउंड पर सेल्फी बूथ भी बनाए गए थे, जिस पर लोगों के द्वारा सेल्फी भी ली गई। देशभक्ति के तरानों के साथ रैली का संचालन किया गया।



## न्यूरिया मे चोरो की अफवाहो पर लगेगी रोक - पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच/ बब्लू / न्यूरिया मे चोरो की अफवाहो पर लगेगी रोक थाना पुलिस गांव गांव जाकर कर रही है ग्रामीणों को जागरूक मंदबुद्धि और पागल और मेहमानों को चोर समझकर ना करे पिटाई ऐसा करने बालो के खिलाफ सख्त से सख्त करवाई की जायगी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस द्वारा चोरो की अफवाहों पर रोक लगाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है थाना प्रभारी सुभाष मावी ने बतया की पुलिस की टीम दिन और रात मे गांव गांव जाकर ग्रामीणों से अफवाहो पर ध्यान ना देने की अपील की है अभियान के तहत पुलिस कर्मी ग्रामीणों को समझा रहे है किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी मिलने पर



♦ न्यूरिया थाना प्रभारी चोरो और ड्रोन कि अफबाह पर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए

तुरंत 112 और थाना पुलिस को दे और कानून को अपने हाथ मे ना ले साथ ही सोशल मिडिया पर बिना सत्यापन के फैलाई जा रही अफवाहो से सतर्क रहने को कहा गया पुलिस ने चेतावनी दी है अफव्हा फैलाने बालो के विरुद्ध भी सख्त कानूनी करवाई की जायगी अफवाह केवल निर्दोष लोगो को नुकसान पहुँचती है परन्तु कानून व्यबस्था के लिए भी खतरा बनती है इस अभियान का उद्देश्य समाज मे शांति और आपसी विश्वास क़ायम रखना है इसके बाद भी कोई गलती करता है और किसी भी व्यक्ति को मारपीट करता है तब ऐसे लोगो पर गंभीर धारा मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जायगा

## 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर कास कन्द्री ( पुरुष व महिला वर्ग ) दौड का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ उरई - क्रीड़ाधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि जनपद के खेलप्रेमी खिलाडियों को सूचित किया जाता है कि 15 अगस्त 2025 के सुअवसर पर जिला खेल कार्यालय इन्दिरा स्टेडियम उरई के तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से 05 कि0मी0 पुरुष एवं 03 कि0मी0महिला वर्ग में जिला स्तरीय क्रासकंट्री दौड का आयोजन प्रात: 9-30 बजे इन्दिरा स्टेडियम से कालपी रोड पर राहिया चौराहा से वापस स्टेडियन मुख्य द्वार तक किया जा रहा है। अतएव उक्त कासकन्ट्री दौड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक पुरूष एवं महिला खिलाडी इन्दिरा स्टेडियम उरई में प्रात: 08-30 बजे से उपस्थित होकर अपने नाम की प्रविष्टियाँ कराकर प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करे। विजेता पुरूष एवं महिलाओं को खेल विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

## जर्जर बिजली की लाईन को लेकर पोल की समस्या से लोगो ने अवगत कराया

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ कोंच(जालौन) आज सोमवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर वार्ड एक में आई बाढ़ को लेकर अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश सचिव ओंकार सिंह ठाकुर और अपना दल एस युवा मंच के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने पीड़ित लोगों की समस्या सुनी लोगो ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि यहां इस इलाके में बिजली की जर्जर लाइन है और इस समय बरसात का मौसम चल रहा है बिजली की यह जर्जर लाइन हम लोगों के घरों की छतों पर होकर निकली है ऐसे समय में करेंट आने की पूर्ण भावनाएं है और इस जर्जर लाइन से हादसे भी हो गये है दोनों पार्टी पदाधिकारियों ने लोगो ने बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता से मौके पर समस्या से अवगत कराया है

उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है ई जल्द ही इस बिजली के लाईन और पोल की इस समस्या का निस्तारण करवाया जावेगा इस अवसर पर से सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा चंद्र प्रकाश खकल सहित तमाम क्षेत्रवासियों उपस्थित रहे

## स्वयं सहायता समूह की दीदियों को झंडा सिलाई का कार्य दिया गया

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ उरई - आजादी के अमृत महोत्सव पर जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डीसी अखिलेश तिवारी द्वारा विकासखंड कदौरा के ग्राम सुरहती जय संतोषी माता स्वयं सहायता समूह की दीदियों को झंडा सिलाई का कार्य दिया गया जिससे समूह की गरीब बहनों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा समूह की अध्यक्ष श्रीमती प्रवीणा यादव द्वारा बहनों को आर्थिक मदद के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ा जाता है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समूह की दीदी ममता सरोज अभिलाषा द्वारा दस हजार तिरंगा झंडा बनाए गए, इससे उनके चेहरे पर मुस्कान झलक रही है।



## मुकदमें में नाम जद मुलजिम को पुलिस ने गिरफ्तार किया

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) कोंच सर्किल के थाना नदीगांव के थानाध्यक्षा दिव्य प्रकाश तिवारी एसएसआई शैलेन्द्र कुमार सिपाही चेतन स्वरूप सिपाही नीतेश कुमार आदि अपराधियों की धड़ पकड़ हेतु अभियान चला रहे थे तभी गस्त करते समय एक मुकदमा में नाम जद मुलजिम को पुलिस ने बावली मोड से गिरफ्तार किया है पकड़े गये मुलजिम ने अपना नाम पुष्पेंद्र सिंह पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम रानीपुरा थाना नदीगांव बताया है पकड़े गये इस पर मुकदमा अपराध संख्या 92/2025 धारा 105 351(2)115(2) 352 /3(5) बी एन एस में दर्ज है और वह नाम जद मुलजिम है पुलिस ने बताया है कि उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है अभी इस मुकदमा में कई ओर आरोपी है पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है



## तिरंगा यात्रा में राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के जुड़े लोग भी शामिल रहे

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ कोंच(जालौन) भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में आज विशाल तिरंगा यात्रा में स्वर्गीय राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट उत्तर प्रदेश ने भी सहभागिता की जिसमें अमित निरंजन बाबूजी भदारी नगर अध्यक्ष भाजपा अंजू अग्रवाल बृजभूषण सिंह मुन्नू पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता नगर महामंत्री भाजपा राजेंद्र द्विवेदी पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा सुनील लोहिया के साथ ट्रस्ट के उत्तर प्रदेश डायरेक्टर इंजीनियर राजीव कुमार रेजा संरक्षक प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह शिव प्रसाद निरंजन उपाध्यक्ष कुंवर नरसिंह गहरवार एडवोकेट आमंत्रित सदस्य राम शंकर छानी मयंक मोहन गुप्ता बब्बू राजा नरी के साथ मयंक मोहन गुप्ता के नाती अक्षत गुप्ता डुग्गू जो दुबई में पड़ते है ने भी तिरंगा यात्रा में जोश के साथ प्रति भाग किया आज की विशाल तिरंगा यात्रा में नगर की शिक्षण संस्थाएं समाज सेवी संगठनों ने भी सहभागिता की थी



# Make natural hair conditioner at home with eggs and curd, hair will become smooth and shiny

**It is very important to use conditioner to prevent hair from becoming dry and lifeless. It nourishes the hair and also makes them silky. But if you want, you can make hair conditioner at home instead of chemical hair conditioners available in the market. Let's know how and its benefits.**



**Conditioner is very important for hair It makes hair silky and soft You can also make conditioner at home with the help of eggs and curd It is very important to apply conditioner to keep hair silky and smooth. Nowadays there are many types of hair conditioners available in the market, but the chemicals present in them can also damage the hair. If you want to make your hair soft, shiny and healthy in a natural way, then hair conditioner made from eggs and curd is a great option. This hair condition is not only cheap, but also protects the hair from getting damaged by nourishing them. Let's know how to make natural hair conditioner at home and what are its benefits. Benefits of egg and curd for hair Egg contains protein, vitamin A, D, E and biotin, which makes the hair strong. It reduces the problem of hair breakage and fall. Also, egg yolk gives natural shine to the hair and removes dryness. At the same time, curd contains lactic acid, which cleans the dirt and dead cells of the hair. It makes the hair soft and silky. Also, curd reduces dandruff and itching by balancing the pH level of the scalp. How to make egg and curd hair conditioner? Ingredients- 1 egg 2-3 teaspoons curd 1 teaspoon honey 1 teaspoon coconut oil or olive oil Method of preparation- Beat the egg in a bowl. Add curd to it and mix well. If the hair is dry, then honey or coconut oil can be added to it. Apply this mixture on the hair and scalp. Leave it on for 20-30 minutes, then wash it with cold water. Wash hair with mild shampoo. You can also prepare this condition Egg, curd and banana pack- Mix two spoons of curd and ½ mashed banana in one egg. This pack is best for dry and damaged hair. Egg, curd and aloe vera gel pack- Mix two spoons of curd and one spoon of aloe vera gel in one egg. It cools the scalp and hydrates the hair. Keep these things in mind Wash hair with cold water only to avoid the smell of egg. If you are allergic to eggs, then use only curd and honey. Apply this pack only 1-2 times a week.**

## बालिका के साथ अनाचार मामले में थाना चांदनी पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर। चांदनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक बालिका ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर में कार्यक्रम था जिसमें लोग आए थे। जहां सभी खाकर नाच गा रहे थे, रात में पीड़िता घर से बाहर निकली थी कि आरोपी रवि इसके साथ जबरन अनाचार किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), 506 भादसं व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं दूसरे मामले में बालिका ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी नवल रात्रि में घर आया और बात करने की बात कहकर जंगल में ले जाकर जबरन अनाचार किया और डराया धमकाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 64(2)(एन), 351(2) बीएनएस व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। तीसरे मामले में पीड़ित बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के बगल में एक कार्यक्रम था जहां गई थी, रात को आरोपी रघुवीर बोला कि कोई बाहर बुला रहा है झूठ बोलकर पीड़िता को बाहर भेजकर इसे जबरन दूर ले जाकर अनाचार किया और डराया धमकाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), 506 भादसं व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने गंभीरतापूर्वक आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच आरोपियों को गांव-जंगल में जगह बदल-बदल कर छुक-छिपकर रहने की सूचना मिली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपियों के गांव में घेराबंदी कर आरोपी रवि सिंह उम्र 22 वर्ष, नवल सिंह उम्र 19 वर्ष, रघुवीर सिंह उम्र 20 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने अनाचार की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चांदनी प्रदीप सिदार, प्रधान आरक्षक इशित बेहरा, मनोज वर्मा, आरक्षक कुलदीप तिग्गा, .अब्दुल व रणबीर सिंह सक्रिय रहे।



## 100 पाव अंग्रेजी शराब के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार, थाना प्रेमनगर पुलिस की कार्यवाही।

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो, शराब व मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 12-13.08.2025 की दरम्यानी रात्रि को थाना प्रेमनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि नावापारा कला गौरीपुर से अंग्रेजी शराब अफरा-तफरी बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने गौरीपुर-महादेव डुगू घुटरी जंगल में घेराबंदी कर दबिश दिया गया जहां अंधेरे का फायदा उठाकर 2 व्यक्ति भाग निकले, 1 व्यक्ति संजय सारथी पिता जय प्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम हनुमानगढ़ थाना रामानुजनगर तथा 2 मोटर सायकल जिसमें 1-1 पेटी गोवा विस्की शराब (100 पाव) कीमत 12 हजार रूपये का पाया गया। मामले में शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं फरार 2 आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी, एएसआई रंजीत सोनवानी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पटेल, विनय किस्पोट्टा, आरक्षक सत्यम सिंह, बाबुलाल पोर्ते सक्रिय रहे।



## सपहा में 89वें दिन भी सुशासन तिहार के खिलाफ हड़ताल जारी, ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच / ग्राम सपहा में छत्तीसगढ़ सुशासन तिहार के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 89वें दिन भी जारी रही। हड़ताली ग्रामीण लालजी बौद्ध ने आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन की मिलीभगत से उन्हें और उनके परिवार को टारगेट कर जान-माल एवं संपत्ति को खतरे में डालने की साजिश रची जा रही है। लालजी बौद्ध के अनुसार, 31 जुलाई 2025 को वन परिक्षेत्र अधिकारी बिहारपुर ने मकान निर्माण के स्वीकृति दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया, जो पूरे परिक्षेत्र में किसी एक व्यक्ति को दी गई पहली कार्रवाई है। उनका दावा है कि कलेक्टर सूरजपुर ने अधिकारियों की बैठक में विशेष रूप से उनके खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ग्रामीण क्षेत्र में अन्य लोग बिना अनुमति निर्माण कर सकते हैं, तो उनके दस्तावेज की मांग क्यों की जा रही है। बौद्ध ने चेतावनी दी कि 1 अगस्त 2025 के बाद उनके या उनके परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी शासन, जिला प्रशासन और भाजपा पदाधिकारियों की होगी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर भी आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी सियाराम नाई ने ग्रामीणों को हड़ताल का समर्थन न करने के लिए कहा और चेतावनी दी कि बिजली कनेक्शन लेने के बाद बिल भरना पड़ेगा। इस मुद्दे पर ग्रामीणों में नाराजगी है। हड़तालियों की प्रमुख मांगों में पानी, बिजली, सड़क, पुलिया, सामुदायिक भवन, वन अधिकार पट्टा, सोलर पंप और अन्य मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। हड़तालियों का कहना है कि मांगें पूरी न होने पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों का सामूहिक पुतला दहन किया जाएगा। लालजी बौद्ध ने सोशल मीडिया पर भी चेतावनी देते हुए कहा कि उनके खिलाफ तरह-तरह से साजिश रची जा रही है और ग्रामीणों को उनसे अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सभी वंचित परिवारों को उनके अधिकार नहीं मिलते, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी।



## बिहारपुर चौक से नवगई चौक तक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच /सूरजपुर जिले बिहारपुर भारतीय जनता पार्टी मण्डल बिहारपुर द्वारा बिहारपुर चौक से नवगई चौक तक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए और देशभक्ति की अमर गाथा को याद करते हुए, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक हाथों में तिरंगा थामे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली के दौरान जगह-जगह देशभक्ति के नारे गूंजे, जिससे वातावरण राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग गया। हाथों में लहराता तिरंगा एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गर्व का संदेश दे रहा था। इस अवसर पर कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद कर युवाओं से देश सेवा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।




## भाजपा ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच /- प्रद्युम्न कटियार/ कानपुर (बिल्हौर)- आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा ने बिल्हौर ग्रामीण मण्डल, बिल्हौर नगर मण्डल और पूरा मण्डल क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया। हल्की बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं और नेताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, बिल्हौर ग्रामीण मण्डल की यात्रा का नेतृत्व मण्डल अध्यक्ष शुभ्राशू कटियार ने किया, जो खजुरी मोड़ से शुरू होकर ककवन रोड स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पास समाप्त हुई। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा थामे कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। मार्ग में देशभक्ति गीत गूंजते रहे और बारामऊ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर संतोष बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, जिला पंचायत सदस्य राधन शिवम गौतम, कैलाश नारायण कटियार, जय प्रकाश कटियार, प्रद्युम्न कटियार, नरेंद्र कटियार, संजय, नीरज,अविनाश, आनंद, शिवम, धर्मेन्द्र, आलोक,प्रीती सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर मण्डल की यात्रा का शुभारंभ अध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में कोतवालेश्वर मंदिर से हुआ और समापन ब्लॉक परिसर में किया गया। इस यात्रा में भी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रामशरण कटियार, दीप्ति सिंह, राजेंद्र कटियार, मेराज, स्वपनेश तिवारी, रोहित सैनी, शिवाकांत तिवारी,गौरव, अमित तिवारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए,भाजपा नेताओं ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस से पूर्व प्रत्येक मण्डल में तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है, ताकि हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज लहराए और आमजन इस राष्ट्रीय पर्व में उत्साहपूर्वक सहभागी बने।



## विश्व हाथी दिवस पर बच्चों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरसोप में विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हायर सेकंडरी स्कूल मोहरसोप में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एस.डी.ओ., गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वन्यजीव संरक्षण और विशेष रूप से हाथियों के संरक्षण को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। एस.डी.ओ. द्वारा हाथियों के महत्व, उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथियों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों के साथ गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना था।



